हिन्दुस्तान

एमएसएमई सेक्टर की 865 इकाइयों से मिलेगा 48766 लोगों को रोजगार, जानें पूरी प्रक्रिया

यूपी सरकार एक प्रमुख अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। ग्राउंड ब्रेकिंग के 3 जून को तीसरे शिलान्यास समारोह में 75000 करोड़ से अधिक की 1500 परियोजनाओं को शुरू करने की योजना है।

यूपी में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग में 3586 करोड़ रुपये के होने वाले निवेश से सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की 865 इकाइयां लगेंगी। इससे 48766 लोगों को रोजगार मिलेंगे। यूपी सरकार उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। ग्राउंड ब्रेकिंग के 3 जून को तीसरे शिलान्यास समारोह में 75000 करोड़ रुपये से अधिक की 1500 परियोजनाओं को शुरू करने की योजना है। इसमें से एमएसएमई क्षेत्र का योगदान लगभग 3586 करोड़ रुपये का होगा।

सबसे ज्यादा 283 एमएसएमई इकाइयां मेरठ में स्थापित की जाएंगी, जिससे 702 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 13985 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अयोध्या में लगभग 128 एमएसएमई इकाइयां 915 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएंगी और 5991 से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

अन्य प्रमुख परियोजनाओं में अडानी और हीरानंदानी समूहों के क्रमशः 4900 करोड़ रुपये और 9100 करोड़ रुपये के डेटा सेंटर, साथ ही माइक्रोसॉफ्ट के 2,100 करोड़ रुपये के सॉफ्टवेयर सेंटर शामिल हैं। डालमिया ग्रुप मिर्जापुर में 600 करोड़ रुपये के सीमेंट निर्माण संयंत्र और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के डिटर्जेंट प्लांट का काम शुरू होगा।

औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार समारोह में शुरू होने वाली परियोजनाओं में 21000 करोड़ रुपये का निवेश केवल सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में है। इसके अलावा कपड़ा, पर्यटन, ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा की कई अन्य परियोजनाएं भी शुरू होंगी।